उत्तर प्रदेश के 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

25 अक्तूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनपद सिद्धार्थनगर में 2329 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्रदेश के 9 मेडिकल कॉलेजों- सिद्धार्थनगर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, देवरिया, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, फतेहपुर तथा जौनपुर का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इन मेडिकल कॉलेजों के नाम इस प्रकार हैं- सिद्धार्थनगर में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज, देवरिया में महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, गाज़ीपुर में महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज, मिर्ज़ापुर में माँ विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज, प्रतापगढ़ में डॉ. सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज, एटा में वीरांगना अवंती बाई लोधी मेडिकल कॉलेज, फतेहपुर में अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियांव सिंह मेडिकल कॉलेज, जौनपुर में उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज और हरदोई में हरदोई मेडिकल कॉलेज।
- इन 9 नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण से लगभग ढाई हज़ार नए बेड्स तैयार हुए हैं। साथ ही 5 हज़ार से अधिक डॉ. और पैरामेडिकल कार्यरत् होंगे।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत खुल रहे हैं। इनमें से 7 में 2019 से एमबीबीएस की कक्षाएँ प्रारंभ हो चुकी हैं। 9 मेडिकल कॉलेज आज शुरू हो गए हैं तथा 14 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है।
- इन 30 मेडिकल कॉलेजों का कार्य भारत सरकार के सहयोग और कुछ जनपदों में राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से आगे बढ़ाया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/9-medical-colleges-inaugurated